प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 09.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं है। श्री मोदी ने आज जयपुर के जेईसीसी में तीन दिवसीय राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंन्ट समिट का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी, लैण्ड बैंक, अक्षय ऊर्जा और ऐतिहासिक स्थलों के कारण राजस्थान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए उपयुक्त स्थान है। उन्होंने कहा जब राजस्थान विकास की ऊंचाई पर पंहुचेगा तो देश को भी नई उंचाई मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान पर्यटन का केन्द्र है और दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों मे है जहां लोग जीवन के पलों को यादगार बनाने के लिए आते है। उन्होंने कहा कि यहां की एमएसएमई की बढती ताकत आर्थिक विकास को नई गति देगी।

000000

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने अगले पांच सालों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में यह समिट बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के विकास को गति देने के लिए एक के बाद एक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए 10 महत्वपूर्ण नीतियां जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही इज आफ डूइंग बिजनेस के लिए भी ठोस कदम उठाये गये हैं। उद्घाटन सत्र को वेदांता समूह के अध्यक्ष सहित अन्य बड़े उद्योगपतियों ने भी संबोधित किया। इससे पहले जेईसीसी पंहुचने पर प्रधानमंत्री ने राजस्थान ग्लोबल बिजनिस एक्सपो का उद्घाटन किया। इसमें राजस्थान पेवेलियन, कन्ट्री पेवेलियन और स्टार्टअप पेवेलियन लगाये गये है। उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड ने पीएम को प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से बताया।

उद्घाटन सत्र से पहले मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को चंदन की लकडी से बनी कलात्मक तलवार भेंट की। इस पर महाराणा प्रताप के जीवन से जुडे 6 प्रसंग उकेरे गये है। प्रधानमंत्री के जयपुर हवाई अड्डे पंहुचने पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री श्री शर्मा और अन्य नेताओं ने उनकी आगवानी की। रिप्लिट रिस्पोंसिबल, रेडी थीम पर हो रही इस समिट मे आज कन्ट्री और विभिन्न सेक्टोरोल सेक्शन हो रहे है। दूसरे दिन कल प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन होगा। इसके जरिये दुनियाभर में फैले प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जायेगा। सम्मेलन के अंतिम दिन एमएसएमई कॉन्क्लेव रखा गया है। इसमें एमएसएमई उद्यमी, निवेशक और विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। निवेश सम्मेलन को देखते हुए राजधानी जयपुर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये है। शहर के विभिन्न मार्गो पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। समिट के उद्घाटन सत्र का सीधा प्रसारण प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर किया गया। इसे बडी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ देखा।

00000

प्रधानमंत्री आज भारतीय जीवन बीमा निगम–एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे। इसकी शुरूआत हरियाणा के पानीपत से होगी। देश के आर्थिक विकास में महिलाओं की भागीदारी बढाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए ये योजना शुरू की जा रही है। बीमा सखी योजना के तहत तीन साल में दो लाख महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं। योजना का लाभ लेकर बनने वाली बीमा सखी पहले साल 7 हजार रूपये, दूसरे साल 6 हजार और तीसरे साल 5 हजार रूपये मासिक वेतन प्राप्त कर सकेंगी।

00000

प्रदेश में ठण्ड का असर तेज हो गया हैं। कई स्थानों पर सर्द हवाओं ने ठण्ड बढा दी है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज भीलवाडा में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। डबोक में 5 दशमलव 2, चित्तौडगढ में 6, बारां में 6 दशमलव 3, जालोर में 6 दशमलव 7 और पिलानी तथा सीकर में 7

डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। भरतपुर में भी सुबह से ही ठण्डी हवाओं का दौर जारी है। ठिठुरन बढने से आम जनजीवन पर असर पड रहा है। बारां, चूरू, बालोतरा, जैसलमेर, हनुमानगढ, पाली और डीग में भी ठण्डी हवाओं से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में सर्दी का असर बढने और तापमान में गिरावट की संभावना जताई है। शेखावाटी सहित कुछ स्थानों पर शीत लहर चलने के आसार हैं।

0000